कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक, नं. 1, स्टाफ रोड, सिकंदराबाद - 009
OFFICE OF THE CONTROLLER OF DEFENCE ACCOUNTS
No.1, STAFF ROAD, SECUNDERABAD-500009
दूरभाष/TELE: 040-27843385 फैक्स/FAX:040-27810499

सं. निधि कक्ष/6214/सा.पत्रा./जि-XVII

दिनांक: 14.02.2023

सेवा में,

1. र.ले.नि., सिकंदराबाद के अधीन सभी ले.अ., जी.ई. कार्यालय
2. प्रभारी अधिकारी, सिंगल विंडो, वेतन तकनीकी (स्थानीय)

विषय: र.ले.नि., (निधि) मेरठ द्वारा 1 अप्रैल को CCO-09 (सा.भ.नि. वार्षिक लेखा) का मुद्रण- के संबंध में ।

संदर्भ: र.ले.नि. (निधि), मेरठ कार्यालय से प्राप्त दिनांक 10.02.2023 का अर्ध-सरकारी पत्र सं. IT&S/Fund-Sys/28/Non-DAD.

******

उक्त विषय के संदर्भ में, निर्धारित समय के भीतर र.ले.नि. (निधि) मेरठ को सा.भ.नि. डाटा (गैर-र.ले.वि.) भेजने के संबंध में निम्नलिखित निर्देश जारी किए जाते हैं। वैज़ाग स्थित ले.अ., जी.ई. कार्यालयों से अनुरोध है कि वे समय पर क्षे.ले.का. (थलसेना) वैज़ाग को अनुसूचियों की प्रतियां भेज दें।

(क) मार्च, 2023 में संकलित फरवरी, 2023 वेतन बिल की सा.भ.नि. अनुसूचियों को अनिवार्य रूप से 2 मार्च, 2023 तक इस कार्यालय/क्षे.ले.का.(थलसेना) वैज़ाग को सौंपने की आवश्यकता है और संबंधित पंचिंग माध्यम डाटा को भी तुरंत ईडीपी केंद्र को भेजा जाना चाहिए।

(ख) सा.भ.नि. दावों के अस्थायी/अंतिम आहरण को 2 मार्च, 2023 से पहले मंजूरी दी जानी चाहिए और अनुसूचियों की संबंधित प्रतियों को इस कार्यालय/ क्षे.ले.का. (थलसेना) वैज़ाग को तुरंत पंचिंग माध्यम डाटा के साथ स्थानीय ईडीपी केंद्र को भेज दिया जाना चाहिए।

(ग) इस तारीख के बाद, असाधारण परिस्थितियों को छोड़कर, किसी भी आहरण के आवेदन पर विचार नहीं किया जाना चाहिए। ऐसे मामले, यदि कोई हों, तो सीधे र.ले.नि., (निधि) मेरठ को संबंधित अनुसूचियों के साथ विधिवत कारणों का उल्लेख करते हुए भेजा जा सकता है।

वर्ष 2022-23 के लिए समीक्षा प्रमाण पत्र के साथ संपूर्ण निधि डाटा भेजने की अंतिम तारीख 21 मार्च, 2023 है और नियत तारीख के बाद र.ले.नि., (निधि) मेरठ द्वारा कोई डाटा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उपरोक्त अनुदेशों/दिशानिर्देशों का अनिवार्य रूप से अनुपालन करने का निदेश दिया जाता है।

Sd/-

वरिष्ठ लेखा अधिकारी (निधि)

प्रतिलिपि:

1. प्रभारी व.ले.अ.,
   क्षेत्रीय लेखा कार्यालय (थलसेना), विशाखापट्टणम : सूचना तथा सख्त अनुपालन हेतु ।

2. आई.टी.अनुभाग
   स्थानीय : र.ले.नि., सिकंदराबाद की वेबसाइट में अपलोड करने हेतु ।

वरिष्ठ लेखा अधिकारी (निधि)